मंत्रालय में हरिजनों के लिए विशेष सैल

4771. **श्री महीलाल : क्या पेट्रोलियम रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान दिनांक 25 जुलाई, 1978 के 'नवभारत टाइम्स' और 'जनयुग' में उनके मंत्रालय में हरिजनों के लिए दो विशेष सैल बनाये जाने के बारे में प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त दो विशेष सैल उपरोक्त समाचार पत्र में उल्लिखित निगमों, विशेष रूप से भारतीय तेल निगम में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों के कल्याण के लिए बनाये गये हैं;

(ग) यदि हां, तो इन सैलों के सदस्यों का ब्यौरा क्या है और क्या अनुसूचित जातियों के अधिकारी/कर्मचारी इन सैलों का अध्यक्ष नियुक्त किये जायेगा क्योंकि वे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों की समस्यायें अच्छी तरह से समझ सकेंगे और उन्हें बेहतर हल कर सकेंगे ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) इस मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के व्यवसायिक उद्यमों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक कदमों की शुरुआत करने के लिए दो प्रकोष्ट स्थापित करने का निर्णय किया गया है । पेट्रोलियम विभाग में खोले गये सेल का संचालन इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा किया जायेगा और रसायन तथा उर्वरक विभाग में स्थापित सेल (प्रकोष्ठ) का संचालन भारतीय उर्वरक निगम द्वारा किया जायेगा । इन प्रकोष्ठों का स्वरूप प्रशासनिक इकाइयों जैसा होगा और ये प्रकोष्ठ कुल मिला कर इस मंत्रालय की देखरेख में अपने अपने उपक्रमों के भाग के रूप में काम करेंगे । इंडियन आयल कार्पोरेशन तथा भारतीय उर्वरक निगम से अनुरोध किया गया है कि वे इन प्रकोष्ठों का गठन करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें । इन प्रकोष्ठों को प्रभावी बनाने से सम्बन्धित सुझावों पर विचार किया जायेगा ।

टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी के लिए ढलवां लोहे का परिवहन

4772. **श्री रामसेवक सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टाटा नगर इस्पात संयंत्र के लिए ढलवां लोहा मध्य प्रदेश, उड़ीसा और अन्य राज्यों से टाटा नगर (जमशेदपुर) को वैगनों द्वारा भेजा जाता है ;

(ख) क्या टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों की सांठ-गांठ से रेल अधिकारी इन वैगनों को वापसी यात्रा के समय खाली दर्शाते हैं जब कि वे वस्तुतः टाटा स्टील के उत्पादों से भरे होते हैं जिसके परिणामस्वरूप रेलवे को भारी नुकसान होता है ;

(ग) क्या इस बारे में गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जी० आर० पी०) के पास कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और इस मामले की जांच चल रही है ;

(घ) क्या बिहार के सी० आई० डी० अधिकारियों ने इस मामले को दबाने के लिए जांच रोक दी है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

Sanctioned Strength of House Surgeons in Northern Railway.

4773. SHRI NATHU SINGH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the present sanctioned strength of House Surgeons in Northern Railway Hospital, New Delhi and the existing working strength in that Hospital ; and

(b) if the working strength is not commensurate with the sanctioned strength when the remaining vacancies are likely to be filled up?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) and (b) The maximum permissible number of House Surgeons that could be appointed in the Central Hospital, New Delhi is 10. At present 7 House Surgeons are working Action is being processed to fill the remaining three posts.